卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 332 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦9 सितम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## अब पूरी दुनिया को एक साथ मिलकर चलने की जरूरत: मोदी

नई दिल्ली( उद संवाददाता)। प्रगति मैदान के भारतीय मंडपम में जी 20 शिखर सम्मेल बैठक शुरू हो गयी है। इस सम्मेलन में पीएम नरेंद्र मोदी ने सभी विश्व नेताओं का स्वागत किया और सभी का संबोधन किया। उन्होंने इस दौरान कई बड़ी बातों का ऐलान किया है। अपने संबोधन की शुरुआत में उन्होंने सभी नेताओं का स्वागत किया। पीएम मोदी ने अपने ओपनिंग स्टेटमेंट में जी20 में भारत के विजन को सबके सामने रखा। प्रधानमंत्री नर्रेद्र मोदी ने (शेष पृष्ठ सात पर)





## स्मार्ट सिटी के मुद्दे पर सदन में नोंक झोंक

देहरादून( उद संवाददाता)। मानसून सत्र में स्मार्ट सिटी के मुद्दे पर कांग्रेस विधायक प्रीतम सिंह और शहरी विकास एवं संसदीय कार्य मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के बीच तीखी नोकझोंक हुई। इस मुद्दे पर विपक्ष को सत्ता पक्ष के विधायकों का भी साथ मिला। भाजपा विधायक विनोद चमोली, प्रदीप बत्रा और विनोद कंडारी ने सवाल किए। प्रश्नकाल में कांग्रेस विधायक प्रीतम सिंह ने देहरादून स्मार्ट सिटी का मामला उठाया। उन्होंने सरकार ने जवाब मांगा कि स्मार्ट सिटी में कितनी कार्यदायी संस्था काम कर रहीं और अब तक कितनी राशि खर्च की गई। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और भाजपा विधायकों ने भी स्मार्ट सिटी के कार्यों पर सवाल किए। अपने ही विधायकों के सवाल करने पर संसदीय कार्य मंत्री ने कहा, आज विपक्ष को हमारे साथियों का भी खूब साथ मिल रहा है। विपक्ष ने चुटकी ली कि सत्ता पक्ष के विधायक सच का साथ दे रहे हैं। सदन में सवाल–जवाब के बीच ही संसदीय कार्य मंत्री ने कहा, सभी सवालों का विस्तार से जवाब दूंगा, लेकिन संसदीय परंपरा एक प्रश्न पर तीन अनुपूरक सवाल करने की रही है। मंत्री के जवाब से असंतुष्ट प्रीतम ने कहा, विधानसभा कार्य संचालन नियमावली में कहीं भी यह नियम (शेष पृष्ठ सात पर)

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। थाना पुलभट्टा क्षेत्र संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत हो गयी। घटना के बाद ससुराली फरार हो गए। सूचना पर मृतका का भाई मौके पर पहुंचा तो पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर थानाध्यक्ष समेत अन्य पुलिस अधिकारी पहुंचे। तहसीलदार ने देर रात मौके पर पहुंच पंचनामे की करवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार देर शाम पुलभट्टा पुलिस को डायल 112 से शबाना पत्नी अनवार चार बीघा सिरौली कला की मौत की सूचना मिली। इस पर थानाध्यक्ष



पुलभट्टा कमलेश भट्ट मौके पर पहुंच गए। मौके पर मृतका शबाना के पिता मुड़िया जागीर थाना देवरनिया जनपद बरेली यूपी निवासी बुंदन ने पुलिस को तहरीर दी। उन्होंने बताया कि उसको शुक्रवार दोपहर एक बजे शबाना की मौत की सूचना मिली तो वह किसी तरह यहां पहुंच। वहां पहुंचने पर घर पर उसकी बेटी का शव पड़ा था। उसका दामाद अनवार व अन्य लोग फरार थे। आरोप है कि दामाद अनवार व परिवार के अन्य लोग शबाना को लगातार परेशान कर मारपीट करते थे। पिछले तीन दिनों से तो उन्होंने अत्याचार की हदें पार कर दी थी। बुंदन ने दामाद व ससुराल के लोगो पर शबाना की हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। शबाना के विवाह को 5 वर्ष हो गए। मृतका के दो बच्चे (शेष पृष्ठ सात पर)

## अलग अलग घटनाओं में दो युवकों की जान गई

### हादसे में घायल एक की इलाज के दौरान मौत, दूसरे का संदिग्ध पड़ा मिला शव

काशीपुर( उद संवाददाता)। एक्सीडेंट में गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई तो वहीं दूसरी ओर मजदूर का शव कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र में लावारिस पड़ा पाया गया। मृतक असाधारण मौत की आशंका जाता रहे हैं। पुलिस ने दोनों ही मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम करने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के मुताबिक वार्ड नंबर 7 हेमपुर इस्माइल थाना आईटीआई निवासी अंकित सागर 28 वर्ष पुत्र कमल सिंह एल–टी फाइनेंस बाजपुर में कार्यरत है। पता चला है कि परसों अपराह्न 2 बजे के करीब मोटरसाइकिल पर सवार होकर वह मोहल्ला जसपुर खुर्द में शगुन गार्डन के करीब से होकर गुजर रहा था इसी दौरान एक अन्य मोटरसाइकिल से मोटरसाइकिल की करारी भिड़ंत हो गई। हादसे की चपेट में आकर अंकित सागर गंभीर रूप से घायल हुआ जिसे उपचार के लिए मुरादाबाद रोड स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां शुक्रवार की शाम इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की एक 6 वर्षीय पुत्री निकिता तथा एक पुत्र आदित्य है। इसी तरह एक अन्य घटना में जीत कॉलोनी मोहल्ला महेशपुरा निवासी दीपक कश्यप पुत्र राम अवतार कश्यप नामक मजदूर का शव कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र में आईआईएम के समीप सड़क किनारे पड़ा पाया गया। उसकी चप्पल गायब थी। मृतक परिजन असाधारण मौत की आशंका जाता रहे हैं। मृतक अपने पीछे पत्नी (शेष पृष्ठ सात पर)

## सरकारी भूमि से पेड़ काटने पर ठेकेदार के खिलाफ केस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ग्राम सतुईया में मंदिर के पास सरकारी भूमि पर से 14 पेड़ काट कर ले जा रहे ठेकेदार के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। दर्ज रपट में राजकुमार सिह रा.उप.नि. क्षेत्र जवाहरनगर ने कहा है कि ग्राम सतुईया तहसील किच्छा के शिव मंदिर सतुईया जो ग्राम सतुईया के सरकारीर भूमि खाता खतौनी में वृक्षारोपण में दर्ज है ।4 सितम्बर को सूचना मिलने पर मौके पर जाकर जांच की गयी (शेष पृष्ठ सात पर)

## दोस्त ने फौजी के खाते से उड़ाए 8 .5 लाख

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। किसी पर अत्यधिक विश्वास व्यक्त करना भी कभी कभी नुकसान दायक हो जाता है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है जिसमें एक फौजी के विश्वसनीय दोस्त ने उसके खाते से साढ़े आठ लाख रुपए धोखे से निकाल कर चपत लगा दी। अब सेना के एक जवान को अपने दोस्ती पर विश्वास करना भारी पड़ा। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है।जनपद पिथौरागढ़ के तहसील तेजम निवासी चंद्र भानु सेना में कार्यरत है। दर्ज रपट में उसने कहा है कि करीब एक साल पहले वह छुट्टी पर घर आया था। इस दौरान पिथौरागढ़ जाने से पहले हल्द्वानी में अपने दोस्त कमलेश सिंह मर्तोलिया के घर दोनहरिया अंबानगर में रुका था। एक दिन वह एटीएम में पैसा निकालने गया जहां उसका दोस्त भी उसके साथ था। इस दौरान उसके दोस्त कमलेश ने पैसे निकालते हुए उसके एटीएम का पिन नंबर देख लिया। रात को वह कमलेश के यहां ही रुका तो उसने एटीएम निकाल लिया। वापसी में दिल्ली जाने पर उसने देखा कि उसके पास एटीएम नहीं है। उसने कमलेश को फोन किया तो उसने कहा कि एटीएम उसके घर रह गया है जिसे वह उसके घर पहुंचा देगा। इसके बाद वह करीब एक साल तक जम्मू कश्मीर क्षेत्र में ड्यूटी पर रहा । इस बीच कमलेश से संपर्क करने की कोशिश की तो उसका मोबाइल नंबर बंद आया। बाद में उसने घर आकर बैंक खाता चेक किया तो पता चला कि खाते से 8.50 रुपये की रकम निकाली जा चुकी है। खाते से पैसे निकले होने की जानकारी मिलते उसके होश उड़ गए। बैंक में जानकारी ली तो पता चला कि उसके एटीएम (शेष पृष्ठ सात पर)

## फैक्ट्री से चांदी के बटन चोरी कर ले जाता श्रमिक दबोचा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल स्थित एक फैक्ट्री से चांदी के बटन चोरी कर ले जाते एक श्रमिक को सुरक्षा कर्मियों ने चैकिंग के दौरान पकड़कर उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया। दर्ज कराई रपट में प्रशान्त नाईक पुत्र अशोक नाईक निवासी ग्राम बस्तवार तालूका राईबाग थाना राईबाग जिला बैलगांव कर्नाटक हाल साईट इंचार्ज वामन इंजनीयरिंग लि0 हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड सिडकुल ने कहा है कि 5 सितम्बर को हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड में सिक्योरिटी गार्ड जितेन्द्र सिंह पुत्र चंचल सिंह निवासी ग्राम भण्डारी गांव थाना थल जिला पिथौरागढ़ द्वारा कम्पनी में कार्यरत कर्मचारी जितेन्द्र प्रसाद केसरी पुत्र हृदया शंकर शाह निवासी– विजय नगर, सेमरा बाजार थाना सेमरा जिला पश्चिमी चम्पारण बिहार हाल छत्तरपुर कालोनी को कम्पनी से बाहर जाते समय मेटल डिटेक्टर से गुजरते समय बीप की आवाज आने पर तलाशी ली गयी तो उसने कंपनी में निर्मित चांदी के बटन को अपने (शेष पृष्ठ सात पर)

## भाजपा की ‘चिंता बढ़ने वाली बागेश्वर जीत’

### उपचुनाव में घटा बीजेपी की जीत का अंतर, गिरते-पड़ते बमुश्किल बचा पाई बागेश्वर विधानसभा सीट, कांग्रेस के वोट प्रतिशत में उछाल

■ **अर्श**

उत्तराखंड की सत्ता सिंहासनपर काबिज भारतीय जनता पार्टी यद्यपि किसी तरह बागेश्वर सीट को बचाने में सफल रही है,तथापि यह उपचुनाव भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय एवं राज्य नेतृत्व दोनों को ही, जीत पर खुश होने एवं इतराने की बजाय गहरे आत्म चिंतन का संदेश देता है. वह इसलिए क्योंकि बागेश्वर उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत का प्रतिशत 18 से घटकर केवल 2 रह गया है. इसे ऐसे भी समझा जा सकता है कि पिछले विधानसभा चुनाव अर्थात मार्च 2022 में भारतीय जनता पार्टी ने बागेश्वर विधानसभा सीट 12141 मतों के अंतर से जीती थी, जबकि इस उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी केवल 2405 मतों के अंतर से ही जीत दर्ज कर पाई है. इस लिहाज से भारतीय जनता पार्टी की जीत का अंतर काफी कम हो गया है जोकि आगामी लोकसभा चुनाव की दृष्टि से भाजपा के लिए कोई अच्छा संकेत नहीं है .बताना होगा कि बागेश्वर उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार पार्वती दास को 33247 और कांग्रेस प्रत्याशी बसंत कुमार को 30842 मत प्राप्त हुए और भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी 2405 मतों से विजई घोषित की गई .इस जीत के बाद उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जहां गदगद नजर आए और उपचुनाव की इस जीत को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीत बताया, वही बागेश्वर फतह से भारतीय जनता पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है . हालांकि जीत पर पार्टी नेताओं कार्यकर्ताओं का खुश होना वाजिब भी है, क्योंकि जीत तो अखिर जीत होती है ,भले ही वह एक वोट से क्यों ना हो. मगर बागेश्वर उपचुनाव की यह जीत ,वैसी जीत नहीं है जो भाजपा को भविष्य के लिए आश्वास्त करती हो, क्योंकि बागेश्वर उपचुनाव के नतीजे के निहितार्थ भाजपा के लिए आंकड़ों दृष्टि से अच्छे नहीं है .आंकड़ों पर दृष्टिपात करें तो, बागेश्वर सीट पर भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार चंदन रामदास ने 2017 में 33 018 वोट प्राप्त करके 19225 वोट प्राप्त करने वाले कांग्रेस प्रत्याशी बालकिशन को 13793 वोटो से हराया था ,जबकि 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी चंदन राम दास ने 32211 वोट प्राप्त करके 2070 वोट प्राप्त करने वाले कांग्रेस प्रत्याशी रंजीत दास को 12141 वोटो से हराया था .इस तरह अब से पहले के दोनों ही चुनाव में भाजपा के जीत का अंतर 10000 वोटो से अधिक ही रहा है ,लेकिन ताजा उपचुनाव में यह अंतर महज 2405 वोटो का ही रह गया है. इसके उलट कांग्रेस को प्राप्त होने वाले वोटो की संख्या में आशातीत वृद्धि हुई है .भाजपा के जीत का यह अंतर उस समय घटा है, जबकि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में सहानुभूति फैक्टर भी कम कर रहा था .साथ ही भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव के ऐन पहले कांग्रेस (शेष पृष्ठ सात पर)



# जन्माष्टमी पर आयोजित कार्यक्रमों ने किया मंत्रमुग्ध

अल्मोड़ा (उद सवाददाता)। जन्माष्टमी का अल्मोड़ा पुलिस द्वारा हर्षोउल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। जन्माष्टमी पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सांसद अल्मोड़ा सहित सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। अल्मोड़ा पुलिस द्वारा पुलिस लाईन अल्मोड़ा के मैदान में आयोजित श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सांसद अल्मोड़ा अजय टम्टा,प्रदेश उपाध्यक्ष बीजेपी कैलाश शर्मा, जिलाध्यक्ष बीजेपी रमेश बहुगुणा,जिलाधिकारी अल्मोड़ा विनीत तोमर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा रामचन्द्र राजगुरु,सीडीओ अल्मोड़ा श्रीमती अकांक्षा कोण्डे व डीएफओ अल्मोड़ा दीपक सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। दीप प्रज्जवलन के उपरांत रंगारंग कार्यक्रमों का दौर शुरु हुआ। पुलिस अधिकर्मचारियों एवं पुलिस परिवार के नन्हे-मुन्ने बाल कलाकारों द्वारा सरस्वती वंदना के साथ कुमाऊनी, गढ़वाली एवं अन्य लोकनृत्यभजन, नाटक, हास्य कलाकारों द्वारा अपनी अपनी प्रतिभा का शानदार प्रस्तुतिकरण कर उपस्थित सभी दर्शकों का मनमोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में श्रीकृष्ण संग राधा का मोर नृत्य व श्री कृष्ण राधा संग गोपियो की फूलों की होली मुख्य आर्कषण का केन्द्र रही। कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम देखने आये दर्शकों से पुलिस लाईन मैदान भरा रहा। सभी दर्शको द्वारा तालियों से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया गया। सीओ अल्मोड़ा ने भी गाना गाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। मुख्य अतिथि सांसद अल्मोड़ा अजय टम्टा, प्रदेश उपाध्यक्ष बीजेपी कैलाश शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अल्मोड़ा प्रकाश चन्द्र जोशी एवं जिलाधिकारी अल्मोड़ा शिवनीत तोमर ने अल्मोड़ा पुलिस द्वारा आयोजित जन्माष्टमी कार्यक्रम की सराहना की गयी साथ ही रामचन्द्र राजगुरु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा के नेतृत्व में अल्मोड़ा पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान की प्रशंसा करते हुए लोगों से भी पुलिस का सहयोग करने की अपील की गयीसांस्कृतिक कार्यक्रमों के समापन पर ऐसा माहौल बना कि एसएसपी अल्मोड़ा' भी खुद को थिरकने से नही रोक पाये, उपस्थित पुलिस कार्मिकों व दर्शकों के साथ कुमाऊंनी गानों पर उनके द्वारा भी ठुमके लगाये गयेकप्तान की जिन्दादिली के कायल' होकर पुलिसकर्मियों व दर्शकों ने जोश व उत्साह के साथ सबने ठुमके लगाये। कार्यक्रम में सुश्री विभु कृष्णा ने मंच संचालन का शानदार प्रदर्शन कर अपनी शेरोशायरी से शॅमा बाधते हुए सभी से प्रशंसा पाई। एसएसपी अल्मोड़ा सहित पुलिसकर्मियों द्वारा रात्रि 12 बजे श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर पुलिस लाईन परिसर में स्थित मंदिर में बनी सुंदर झांकी के दर्शन कर पूजा अर्चना करते हुए धूमधाम से जन्मोत्सव मनाया गया एवं प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम की सम्पूर्ण व्यवस्था प्रतिसार निरीक्षक जितेन्द्र पाठक पुलिस लाईन अल्मोड़ा व उनि. दामोदर कापड़ी की देख-रेख में हुई। श्री कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र जोशी, जिलाध्यक्ष कांग्रेसभूपेन्द्र सिंह भोज, जिलाध्यक्ष व्यापार मण्डल सुशील साह, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष विधानसभा अल्मोड़ा विपुल कार्की,सभासद नन्दादेवी वार्ड राजेन्द्र तिवारी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अल्मोड़ा दया राम,प्रभारी ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी बिन्देश्वरी प्रसाद टम्टा, सीओ अल्मोड़ा विमल प्रसाद, सीओ संचार राजीव कुमार टम्टा,सीएफओ अल्मोड़ा नरेन्द्र सिंह कुंवर, प्रभारी साईबर सेल निरीक्षक अजय लाल साह, निरीक्षक एलआईयूकमल कुमार पाठक, निरीक्षक श्री अशोक धनकड़, वाचकएसएसपीअल्मोड़ा, निरीक्षक नासिर हुसैन, प्रभारी डीसीआरबी, एफएसओ अल्मोड़ा महेश चन्द्र व एसएसआई कोतवाली अल्मोड़ा सतीश चन्द्र कापड़ी सहित पुलिस के अधिकारी, कर्मचारीगण, पुलिस परिवार व अल्मोड़ा की जनता मौजूद रही।





# कलियुग में भागवत कथा सुनने से होता है कल्याण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रम्पुरा दुर्गा मंदिर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन का शुभारंभ वरिष्ठ समाज सेवी संजीव गुप्ता,नामित पार्षद राजकुमार कोली,भाजपा नेता मनोज गुप्ता एवं धर्मपाल कोली ने संयुक्त रूप से राधा कृष्ण के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित कर राधा कृष्ण के नाम का उद्घोष किया। इस मौके पर संजीव गुप्ता ने श्री मद्भागवत कथा के आयोजकों को शुभकामनाएं और बधाई देते हुए कहा कि श्रीमद भागवत कथा श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट हो जाते हैं। जहां अन्य युगों में धर्म लाभ एवं मोक्ष प्राप्ति के लिए कड़े प्रयास करने पड़ते हैं,यहीं कलियुग में कथा सुनने मात्र से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। सोया हुआ ज्ञान वैराग्य कथा श्रवण से जाग्रत हो जाता है। नामित पार्षद राजकुमार कोली ने कहा कि भागवत कथा सुनने मात्र से मानव जीवन का पूरी तरह से कल्याण हो जाता है। और कष्ट दूर हो जाते है। मनोज गुप्ता ने कहा कि सामाजिक समरसता के लिए धार्मिक आयोजन होते रहना चाहिये जिससे समाजिक बातावरण शुद्ध होता है और हिंदुत्व को बढ़ावा मिलता है। इस मौके पर सामुदायिक भवन/दुर्गा मंदिर समिति के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक हिम्मतराम कोली,कथा वाचक विपिन विहारी,नत्थूलाल कोली,शैलेंद्र कोली,अजय सिंह,शंकर कोली,चंद्रपाल कोली, रामकिशोर कोली,धर्मेंद्र कोली, बृजेश कोली,हरीश कोली,सुभाष कोली ,नीरज कोली,दिनेश कोली,हिरदेश कोली,राजेश कोली ,कैलाश कोली, हरिदत्त कोली,दानवीर कोली,रामचंद्र कोली, पृथ्वीराज कोली, मायादेवी कोली,लक्ष्मी देवी कोली, विद्या रानी कोली, सुनीता देवी,सुशीला देवी, मीना देवी, हर्षिता देवी, शांति देवी,हुलासो देवी,रामवती देवी,किरण देवी, रामवती देवी,सोमवती देवी,हीरा देवी,राखी कोली ,सीता कोली,रजनी कोली,शारदा कोली, देवकी देवी सहित सैकड़ो लोग मौजूदथे।





# बेहड़ ने उठाया बाजपुर किसानों के भूमिधरी का मामला



किच्छा (उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने विधानसभा सत्र में नियम 300 के अंतर्गत सूचना के तहत किसानो के भूमिधरी के अधिकार के मामलाउठाया। उन्होंने कहा कि बाजपुर क्षेत्र के किसानो की 20 गाँव की जमीन जिसके साथ 50 प्रतिशत नगर बाजपुर का क्षेत्र भी आता है। सूद परिवार का सन 1920 में ब्रिटिश हुकूमत के समय लाला खुशीराम को 4820 एकड़ भूमि लीज पर दी गयी थी। जिसमे लाला खुशीराम को उनके वारिसानों को उसको आगे उप लीज दिए जाने का अधिकार सरकार से प्राप्त था। ऐसे में खुशीराम के स्वजनों ने हजारों एकड़ भूमि विभिन्न ग्राम सभाओं को सब लीज पर दे दी। इसके तहत वर्ष 2013 तक का सभी को अधिकार भी दिया गया था। उन्होंने कहा फरवरी 2020 को तत्कालीन जिलाधिकारी डॉ. नीरज खैरवाल ने जमीन की बिक्री पर रोक लगा दी और पूरी जमीन का मालिकाना अधिकार भी छीन लिया गया। रोक के आदेश होने से लगभग 10 हजार लोगों की नींद हराम हो गई और लोग अपने आपको असुरक्षित महसूस करने लगे। श्री बेहड़ ने कहा कि ब्रिटिश हुकूमत ने गवर्नमेंट ग्रांट एक्ट के तहत जनपद ऊधमसिंह नगर के 35 ग्रामो में से 20 ग्राम बाजपुर व 15 ग्राम खटीमा व किच्छा में जमीनें लीज पर दी गयी। पूरे प्रदेश के अंदर भय का वातावरण बना हुआ है। लोगों की दिन रात की नींद खराब हो चुकी है। लोग दहशत में अपना जीवन यापन कर रहे है। पिछले एक माह से वहां के स्थानीय लोगो द्वारा बाजपुर बचाओ भूमि बचाओ आंदोलन चलाया जा रहा है। सरकार किसानो की कोई चिंता नहीं कर रही है। इस कारण कभी भी जनपद का क्षेत्र का वातावरण खराब हो सकता है। कानून व्यवस्था को लेकर भी स्थिति खराब हो सकती है। किसान अपने मालिकाना हक को लेकर और बड़ा आंदोलन अपनी जमीनों को लेकर कर सकते है। उन्होंने कहा तराई में जमीनों के मालिकाना हक को लेकर अति असंतोष सरकार के खिलाफ व्याप्त है। आने वाले समय में किसान सड़को पर उतरकर संघर्ष का भी एलान कर सकते हैं। अगर सरकार द्वारा पुन: मालिकाना हक नहीं दिया जाता है तो जनता का विश्वास सरकार से उठ जायेगा। तराई की अनेको जमीने ऐसी हैं जिनके मालिकाना हकघ को लेकर कई बार अधिकार देने की बात हुई है। वर्ग चार हो या ग्राम की जमीन हो या सिचाई या वन विभाग की नदी नालो की जमीने ही अधिकारों को लेकर समय समय पर आंदोलन चलाये जाते है। अधिकार मिलते ही नहीं फाइलों में कार्यवाही चलती रहती है। आज किसान जो हमारा अन्नदाता है वह असुरक्षित है। किसान खुशहाल नहीं होगा तो प्रदेश व देश कैसे खुशहाल होगा।




# शिविर में मरीजों का हुआ नि:शुल्क चेकअप




रूद्रपुर (उद संवाददाता)।डॉक्टर कॉलोनी स्थित मेडिमा हॉस्पिटल के डॉक्टर आरिफ रसूल के नेतृत्व मे चिकित्सा शिविर का आयोजन वार्ड भूरारानी के वार्ड मेंबर मोहन लाल खेड़ा के सहयोग से किया गया । कैंप में 110 से अधिक मरीजों की जांच की गयी और परामर्श देने के साथ ही नि:शुल्क दवाईयां भी वितरित की गयी। शिविर में मसाने गुर्दे की पथरी, पित्त की पथरी, बच्चे दानी से संबंधित बीमारियों हाईड्रोसील, रसोली, गांठे, तिल्ली, हर्निया अंडदानी आदि समस्याओं से संबंधित रोगों पीड़ित लोगों का चेकअप किया गया। साथ ही मेडिमा होस्पिटल के डॉक्टर आरिफ रसूल ने बताया आजकल के खानपान रहन सहन की वजह से रसोली गाँठ पथरी आदि समस्याएं सामान्य हो गयी है और हम इन कैंपों के माध्यम से आपरेशन के साथ साथ इन परेशानियों से कैसे बचा जाए इसकी जानकारी भी साझा करते है। कैंप मे डॉक्टर परवीन डॉक्टर फुरकान, डॉक्टर रिजवान ने 110 रोगियों को देखा व निशुल्क दवा वितरित की । मेडिमा होस्पिटल के कॉर्डिनेटर निजाम ने बताया कि इस तरह के कैंप आगे भी आयोजित किये जाते रहेंगे। शिविर का मुख्य उद्देश्य सरल सस्ती सर्जरी तो है ही साथ ही कैंप के माध्यम से लोगो को बिमारियों से बचाव के लिए जागरूक करना भी है।

# वाक कला भारतीय सम्मान से सम्मानित हुई पुष्पा जोशी

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। विश्व कीर्तिमान स्थापित पटल 'द मैजिक मैन एन चन्द्रा फाउंडेशन' द्वारा संस्थापक द मैजिक मैन नरेश जोशी के संयोजन में महाकवि गुलाब खंडेलवाल की स्मृति में उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर आधारित कार्यक्रम 'महाकवि गुलाब खंडेलवाल साहित्योत्सव 2023' का आगाज 15 अप्रैल से शुरू होकर 15 अगस्त तक अनवरत आनलाइन गतिमान रहा। जिसका समापन 1,2 व 3 सितम्बर को उदयपुर, राजस्थान में एक भव्य सम्मान समारोह व कवि सम्मेलन के साथ हुआ। इसमें सितारगंज की कवियित्री पुष्पा जोशी 'प्राकाम्य' को उत्कृष्ट संचालन हेतु 'वाक कला भारतीय सम्मान' से सम्मानित किया गया। इस साहित्योत्सव की अध्यक्षता अन्तर्राष्ट्रीय व्यंग्यकार डॉ हरीश नवल ने की। प्रबंधक शोभा खंडेलवाल, महाप्रबंधक नरेश जोशी व सचिव वी.के. पाटील रहे। इस दौरान जबलपुर के प्रख्यात साहित्यकार व शायर सूरज राय, बालीवुड के गीतकार शेखर अस्तित्व, बाम्बे से गजल गायक शिव राजौरिया व ज्योत्स्ना राजौरिया, साथ ही देश विदेश के सैकड़ों कवियों व साहित्यकारों ने इस साहित्यिक महाकुंभ में भाग लिया।



रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# वरिष्ठ पत्रकार कुंदन शाह का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन

## बेटी अल्पना व भाई वीरेंद्र ने दी मुखाग्नि, पत्रकारों ने अर्पित किया पुष्प चक्र

काशीपुर( उद संवाददाता)। वरिष्ठ पत्रकार कुंदन शाह का असमय निधन हो गया। उनका अधिकांश जीवन



पत्रकारिता को समर्पित रहा। काशीपुर में पिछले लगभग 23 वर्षों से वह पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय रहे। इससे पूर्व दिनेशपुर तथा रुद्रपुर में भी दिवंगत शाह ने अपनी सेवाएं दी। मूल रूप से वह गूलरभोज के रहने वाले थे। पत्रकारों को यहां जैसे ही दुखद घटना की सूचना मिली उनमें शोक की लहर दौड़ गई। शुक्रवार को अपराह्न बाद गंगे बाबा रोड स्थित श्मशान घाट पर उनकी पुत्री अल्पना व भाई वीरेंद्र ने मुखाग्नि दी। दाह संस्कार में उनकी पुत्री भी शामिल रही। इससे पूर्व काशीपुर मीडिया सेंटर से जुड़े तमाम पत्रकारों ने दिवंगत शाह के पार्थिव शरीर पर चादर चढ़ाया तदोपरांत पत्रकारों ने दिवंगत शाह के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर नम आंखों से उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वरिष्ठ पत्रकार कुंदन शाह का एकाकी जीवन था। पिछले लगभग 7 वर्ष के करीब से वह चीमा चौराहे के समीप स्थित किराए के मकान में रहा करते थे। दिवंगत शाह एक जिंदादिल इंसान थे। विषम परिस्थितियों में भी उन्होंने साफ सुथरी पत्रकारिता करते हुए अपनी पहचान को बनाए रखा। मिलनसार एवं मृदभाषी होने के कारण पत्रकारों के अलावा राजनेताओं व्यापारी नेताओं एवं समाजसेवियों के बीच भी वह लोकप्रिय थे। दिवंगत शाह के असमय निधन की खबर को सुनकर हर एक व्यक्ति स्तब्ध रह गया। स्थानीय श्मशान घाट पर दिवंगत शाह को श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में रुद्रपुर के पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के अलावा भाजपा नेता राम मेहरोत्रा,कांग्रेस नेता संदीप सहगल,समेत बड़ी तादाद में जन प्रति निधि व स्थानीय गणमान्य शामिल रहे।

### पहेली बनी पत्रकार शाह की मौत

काशीपुर। वरिष्ठ पत्रकार कुंदन शाह की मौत यहां लोगों के लिए पहेली बन गई। गुरुवार की रात उनका शव कमरे में रस्सी के सहारे फांसी के फंदे पर झूलता पाया गया। पुलिस को जैसे ही इसकी सूचना मिली उसने तत्काल मौके पर पहुंचकर जरूरी जानकारी जुटाने के बाद मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए उसे पीएम हाउस भेज दिया जहां से शुक्रवार को अंत्य परीक्षण के बाद दिवंगत शाह के पार्थिव शरीर को परिजनों के हवाले किया गया। अपराह्न बाद स्थानीय गंगे बाबा रोड स्थित श्मशान घाट पर दिवंगत शाह की अंत्येष्टि की गई।

### पांच दशक की पत्रकारिता में शाह ने बनाई अलग पहचान

काशीपुर। कलम के पुरोधा दिवंगत कुंदन शाह का जन्म उत्तराखंड के गढ़वाल के चमोली जिले के थराली में किसान जय सिंह के यहाँ वर्ष 1945 में हुआ। स्व. शाह के पिता आजाद हिंद फौज के सिपाही थे। पाँच भाई व एक बहन में कुंदन शाह दूसरे नम्बर के थे। स्व. शाह की प्रारंभिक शिक्षा चमोली में हुई उसके उपरांत जब 1954 में पिता जय सिंह पूरे परिवार सहित उधमसिंह नगर के गूलरभोज में आकर बस गए तो स्व शाह ने दिनेशपुर इंटर कॉलेज से बारहीं की परीक्षा पास कर काशीपुर के राधे हरि से स्नातक किया साथ ही आईटीआई से डिप्लोमा भी लिया। कुंदन शाह को लेखन का बहुत शौक था इसी के चलते वह 70 के दशक में दिनेशपुर में ही अमर उजाला से जुड़ गए। कुछ वर्षों बाद उन्होंने रुद्रपुर अमर उजाला में कार्य किया बाद में यानी लगभग 2003 के आसपास वह काशीपुर आ गए और यहाँ रहकर अमर उजाला संवाददाता के रूप में कार्य करने लगे। कहा जाए कि काशीपुर में अमर उजाला की पहचान दिवंगत शाह जी से थी तो अतिशयोक्ति नहीं होना चाहिए।

## पानी की सात मोटरों के साथ पांच गिरफ्तार

गदरपुर (उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने चोरी की सात पानी की मोटरों के साथ पांच शातिर चोरों को गिरखतार कर लिया। मामले का खूलासा करते पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 7 सितम्बर को एड. मनमोहन सिंह पुत्र कुलदीप सिंह निवासी ग्राम मुकन्दपुर द्वारा रपट दर्ज कराई गई कि अज्ञात चोरों नेउसके खेत से मोटर चोरी कर ली। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दिनेशपुर अण्डरपास से पहले मोटर साईकिल सवार संदिग्ध दो व्यक्तियों को रोकने की कोशिश की तो वह भागने लगे।





पुलिस टीम पीछा कर दोनों को पकड़ लिया। उन्होंने अपना नाम सुमित उर्फ राका पुत्र रामपाल निवासी लगड़ाभोज थाना गदरपुर व श्याम सिंह पुत्र सोमल सिंह निवासी उपरोक्त बताया। दोनों से मोटरसाईकिल की सीट पर रखी पानी की मोटरों के संबन्ध में पूछा तो उन्हौने बताया कि यह पानी की मोटर हमने सोहन सिंह के खेत से चुराई है। इसके अलावा भी 6 अन्य पानी की मोटरें चुराई है। चुराई हुई मोटरें निशान सिंह पुत्र जसवन्त सिंह निवासी मुकन्दपुर, नवी शेर उर्फ सोनू पुत्र बल्लू निवासी मुकुन्दपुर, किशन सिंह पुत्र डोरी सिंह निवासी लगड़ाभोज, व दलशाद पुत्र कल्लन शाह-निवासी लगड़ाभोज को बेची है। निशादेही पर निशान सिह, नवी शेर मौ0 उर्फ सोनू , किशन सिंह पुत्र डोरी सिंह निवासी लगड़ाभोज को हिरासत में ले लिया जबकि दिलशाद चोरी की खरीदी गयी मोटर मौके पर ही छोडकर फरार हो गया।पुलिस टीम में राजेश पाण्डेय, थानाध्यक्ष, एसआई ओमप्रकाश, कानि. गोरखनाथ, कैलाश मनराल, दीपक जोशी, मनोज व प्रकाश टम्टा शामिल थे।

## कुंदन शाह के निधन पर शोक व्यक्त

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पत्रकार प्रेस परिषद इंडिया की उधम सिंह नगर जनपद के वरिष्ठ सहयोगी जगदीश चंद्र के ससुर वरिष्ठ पत्रकार कुंदन शाह के आकस्मिक निधन पर परिषद की आपातकालीन शोक सभा कुमाऊं प्रभारी अशोक गुलाटी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें दो मिनट मौन रखकर रखकर दिवंगत आत्मा को शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक सभा में वरिष्ठ सहयोगी परमजीत पम्मी, मंडल महामंत्री चंद्रिक बिष्ट, नैनीताल जिला अध्यक्ष उर्बादत्त भट्ट, और जिला अध्यक्ष उधम सिंह नगर सुरेंद्र तनेजा, खटीमा अध्यक्ष अशोक सरकार, गदरपुर अध्यक्ष राकेश अरोड़ा सहित पत्रकार मौजूद थे । **गदरपुर**- पत्रकार प्रेस परिषद इंडिया की एक आपातकालीन बैठक गदरपुर अध्यक्ष राकेश अरोड़ा की अध्यक्षता में हुई । जिसमें जनपद के वरिष्ठ सहयोगी जगदीश चंद्र के ससुर कुंदन शाह के आकस्मिक निधन पर 2 मिनट मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस दौरान मुकेश पाल, गौरव बत्रा, उमर अली, शाह नूर अली, नितिन छाबड़ा, रिंकू शर्मा , राजेंद्र छाबड़ा , रामपाल सिंह, रिजवान अली , शिवम छाबड़ा, अमित अरोड़ा आदि पत्रकार मौजूद थे।



## बल्देवराज खेड़ा को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म सभा द्वारा श्री लक्ष्मीनाराण मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर समाजसेवी व कथा के यजमान बलदेवराज खेड़ा को श्री सनातन धर्म सभा के सरपरस्त हरिचन्द मिड्ढ़ा ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उन्हें प्रसाद दिया। इस अवसर पर समाजसेवी नरेश कुमार सेठ ने कहा कि श्री सनातन धर्म सभा द्वारा आगे भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहेगा। इस मौके पर जगदीश छावड़ा, सीताराम, ओमप्रकाश अरोरा, अजय ठुकराल, कीर्ति बाबू, हरीश सुखीजा, राकेश सुखीजा, दीपक अरोरा एड, स्त्री सत्संग सभा की राज तागरा आदि मौजूद थे।



# बागेश्वर उपचुनाव में जीत पर भाजपा में जशन का माहौल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। बागेश्वर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की जबरदस्त जीत पर नगर निगम रूद्रपुर प्रांगण में मेयर रामपाल सिंह एवं प्रदेश मंत्री विकास शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा मिष्ठान वितरण कर प्रदेश के मुखिया पुष्कर सिंह धामी एवं प्रदेश नेतृव तथा बागेश्वर की जनता का आभार व्यक्त किया। उत्तराखंड की बागेश्वर विधानसभा सीट पर 5 सितंबर को उपचुनाव हुए थे, जिसके लिए आज सुबह से काउंटिंग की जा रही है। काउंटिंग के हर राउंड में भाजपा और कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है। गिनती पूरी होने पर 2405 वोटो से पार्वती चंदन रामदास ने जीत हासिल की। मेयर रामपाल सिंह ने उप चुनाव में मिली जीत पर कहा कि पार्टी कभी जातिवाद के आधार पर चुनाव नहीं लड़ती है, जबकि कांग्रेस प्रत्याक्षी जातिवाद के आधार पर चुनाव लड़ते रहे हैं। बागेश्वर विधानसभा सीट पर चंदन रामदास परिवार का कब्जा पिछले 20 सालों से रहा है, चंदन रामदास पिछले 4 बार से बागेश्वर से विधायक रहे थे। स्व चंदन दास को जनता ने अपने मत से श्रद्धांजलि दी। जनता ने पहले ही भाजपा के पक्ष में मतदान का मन बना लिया था। भाजपा की जीत सुनिश्चित है। प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि राज्य में बीजेपी दो-तिहाई बहुमत के साथ काबिज है इसलिए इस उपचुनाव की जीत से 2024 लोकसभा चुनाव से पहले धामी सरकार द्वारा समान नागरिक संहिता पर विशेषज्ञ समिति का गठन, जबरन धर्मांतरण,नकल विरोधी और अतिक्रमण के विरूद्व कठोर कानून जैसे निर्णयों से उत्तराखंड की आम जनता भाजपा के साथ खड़ी है।इस अवसर पर इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष धर्म सिंह कोली, पार्षद प्रमोद शर्मा, भुवन गुप्ता, जितेंद्र यादव, सुनील कुमार,निमित्त शर्मा, रामकिशन कोली, शैलेंद्र रावत, हरजीत राठी, सुनील मेहरा, रजत दीक्षित, जी के शर्मा, राजेश कुमार विशाल, आदेश भारद्वाज, विक्की राघव, बिट्टू चौहान सूरज पांडे विशाल अभय चौहान सोनू समेत तमाम भारतीय जनता पार्टी से जुड़े कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# हल्द्वानी के मंदिरों में रही श्री जन्माष्टमी की धूम

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व यहां सभी मंदिरों में भक्तिभाव और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लटूरिया आश्रम बरेली रोड़ में जगदीश खोलिया के भजनों को सुनकर उपस्थित श्रद्धालु मध्य रात्रि तक झूमते रहे। रात्रि 12 बजे जन्मोत्सव के समय पूजा अर्चना कर आरती की गई। तत्पश्चात प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर सतीश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, विपिन गुप्ता, विनय विरमानी, नीरज प्रभात गर्ग, राधेश्याम, प्रेम गुप्ता आदि मौजूद थे। इसके अतिरिक्त श्री सत्य नारायण मंदिर, श्री आंवलेश्वर मंदिर, प्राचीन राम मंदिर, सहित समस्त मंदिरों में झांकिया सजाने के साथ ही आरती व प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान मन्दिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।



# तपस्या बिहार में आयोजित हुई कृष्ण-राधा बनो प्रतियोगिता

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। गंगापुर रोड स्थित तपस्या बिहार कालोनी में जन्माष्टमी का पर्व को बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान कृष्ण,राधा बनो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे आयुष कार्की ने प्रथम पुरुस्कार जीता जबकि पीहू और वान्या दूसरे व तीसरे स्थान पर रही। प्रतियोगिता मे लगभग 20 छोटे छोटे बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में विभिन्न रूपों में सजे नन्हें नन्हें कान्हा ,राधा ने लोगो का मनमोह लिया। कार्यक्रम में विजयी प्रतिभागियो कों पुरुस्कृत किया गया। कृष्ण बनो प्रतियोगीता मे निर्णायक की भूमिका मनोज यादव,सुभाष माहिया ने अदा की। प्रतियोगीता के आयोजको द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर टी एन सिंह, आशीष सिंह, मनीष अग्रवाल, जतिन अग्रवाल,संजय चौबे,राधेश्याम चौहान,प्रभात सिंह, अश्वनी गुप्ता, तपन विश्वास ,उमेश चंद्रा सुभाष माहिया,भारत टमटा,प्रियांशी, नमन,मानसी,निधि, आशी, एंजल,आस्था चन्द्रकला राय, विद्यावती सिंह, गीता गुप्ता,रितु अग्रवाल ज्योति चौबे,लता शर्मा जूही सिंह,भारती लवली,पिंकी,पूनम, दिक्षा सोलंकी, बिंदु चंद्र,पूनम टम्टा गीता पांडे आदि उपस्थित थे।



# भाजपाईयों ने खूब चलाई आतिशबाजी,बांटी मिठाई

खटीमा(उद संवाददाता) भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मुख्य चौक पर नगर अध्यक्ष के नेतृत्व में बागेश्वर उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी पार्वती देवीदास की जीत पर मिष्ठान वितरण कर आतिशबाजी की। मुख्य चौक पर नगर अध्यक्ष जीवन सिंह धामी के नेतृत्व में एकत्रित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विधानसभा उपचुनाव की जीत पर हर्ष प्रकट करते हुए कहा कि बागेश्वर की जनता ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी पर विश्वास करके उन्हें अपना आशीर्वाद दिया है। विजय प्रत्याशी पार्वती दास बागेश्वर की जनता की उम्मीद पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी की जीत प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पर जनता के विश्वास की जीत है। उनके द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यो से जनता खुश है। वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश में हो रहे विकास कार्यो से जनता भाजपा सरकार की कार्य प्रणाली से संतुष्ट है। आगामी लोकसभा चुनाव में भी प्रदेश की सभी सीटों से भाजपा प्रत्याशी विजयी होंगे। मिष्ठान वितरण एवं आतिशबाजी करने वालों में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी,मंडी समिति अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत, नगर महामंत्री मनोज वाधवा,जिला उपाध्यक्ष हिमांशु बिष्ट ,पूर्व जिला उपाध्यक्ष रमेश जोशी,बिमला मुडेला, मोहनी पोखरिया, गोपाल बोरा,अमित पांडे, राहुल चौहान, कमल बोरा, सरदार सुखदेव सिंह, सरदार सतनाम सिंह, सनी रस्तोगी, सुरेश राणा, सरफराज हुसैन, रेनू भंडारी, धाना भंडारी, पुष्कर सिंह बिष्ट, ठाकुर रिंकू सिंह, उपदेश गोयल, आशीष,भारत सिंह, सुरेंद्र भाटिया,हरीश भट्ट, सूरज धामी ,नवल वाल्मीकि आदि उपस्थित थे।



# समय रहते करो समय का सम्मान: चैतन्य

ढीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा धाम आश्रम गढीनेगी में जन्माष्टमी पर्व पर आयोजित तीन दिवसीय विराट धर्म सम्मेलन के समापन अवसर पर उपस्थित विशाल जन समुदाय को संबोधित करते संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने कहा कि गया हुआ समय फिर वापिस नहीं लौटता। समय बड़ा अनमोल है।भूतकाल से प्रेरणा लो, हो चुकी गल्तियों को सुधारें, भविष्य के लिए योजना चाहे बनाए, बनाते ही न रह जाएँ लेकिन वर्तमान के हर क्षण का सदुपयोग करें, दुरुपयोग तो कदाचित् भी नहीं। समय रहते समय का महत्व समझें तथा एक क्षण भी व्यर्थ के चिंतन न करें। समय पर विवाह न हो, संतान न हो, रोजगार न लगे, वर्षा न हो तो हमें बुरा लगता है लेकिन समय रहते जीवन के परम सत्य को स्वीकार करके धर्मानुसार भक्ति परिपूर्ण परोपकारी जीवन जीने की कोशिश नहीं करते। समय का सम्मान न करने वाले कभी सम्मान के पात्र नहीं बन पाते।श्री महाराज जी के पावन सानिध्य में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव श्री हरि कृपा धाम आश्रम गढीनेगी में धूमधाम से मनाया गया। हजारों भक्तों के साथ साथ पूर्व सांसद बलराज पासी, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत, पूर्व विधायक शैलेंद्र मोहन सिंघल, कांग्रेस व भाजपा के अनेक प्रमुख राजनेता, क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग थे।



# 7 दिन से लापता महिला प्रोफेसर का नही लगा कोई सुराग

रामनगर(उद संवाददाता)। पीएमजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की लापता महिला प्रोफेसर का 7 दिन बाद भी कोई सुराग हाथ नहीं लगा है महिला प्रोफेसर के लापता होने के बाद उनके परिजन जहां एक ओर काफी परेशान है तो वही पुलिस भी लापता महिला प्रोफेसर को खोजने में जुटी हुई है। लापता महिला प्रोफेसर के परिजनों ने अब उनकी सकुशल बरामदगी पर 25 000 रुपए का इनाम भी घोषित किया है आपको बता दें कि मूल रूप से पिथौरागढ़ की रहने वाली रिचा पुनेठा जो की रामनगर महाविद्यालय में वनस्पति विज्ञान विभाग में प्रोफेसर के पद पर तैनात थी तथा 7 दिन पूर्व वह अपने घर से महाविद्यालय के लिए निकली थी लेकिन महाविद्यालय नहीं पहुंची। इसके बाद महाविद्यालय प्रशासन द्वारा घटना की जानकारी उनके परिजनों को दी गई तथा महिला प्रोफेसर के पिता द्वारा अपनी पुत्री की गुमशुदगी कोतवाली पुलिस में भी दर्ज कराई गई थी पुलिस द्वारा उनकी गुमशुदगी दर्ज कर ली गई थी लेकिन अभी तक पता नहीं चल सका है। 7 दिन बीत जाने के बाद भी महिला का कोई सुराग नही लग पाने के चलते परिजन काफी चिंतित है।






## रूद्रपुर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर बाल गोपाल के स्वरूप में नन्हें-मुन्ने और कान्हा का जन्मदिन मनाते श्रद्धालुगण



# राजेंद्र नगर में मनाया पोषण मेला निकाली रैली किया जागरूक

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राजेंद्र नगर वार्ड 12 में पोषण मेला मनाया गया। पोषण माह में महानगर के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रो में पोषण सम्बंधित गतिविधियों का आयोजन कर उचित पोषण देश रोशन के नारों के साथ रैली निकाली गई।कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर यूथ कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू व सामाजिक कार्यकर्ता प्रीती आर्या थे। हेमन्त साहू ने सम्बोधित करते हुए कुपोषण से बचाव के लिये उचित प्रयास करने की बात कही। इस मौके पर गर्भवती महिलाओं को केंद्र पर स्वास्थ्य पोषण संबंधित जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मंजू टम्टा,हेमा आर्या,मंजू आर्या,गुड्डी देवी समेत तमाम मोहल्ले वासी शामिल हुए।



Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# सड़कों पर उतरा किसानों का सैलाब

## रेरा व प्राधिकरण के विरुद्ध किसानों का आक्रोष,प्रशासन पर तानाशाही का आरोप

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। रेरा और जिला विकास प्राधिकरण के विरोध में गत दिवस किसानों का विशाल सैलाब सड़कों पर उतर आया। किसानों ने जोरदार प्रदर्शन के साथ भूमिधरी अधिकार की मांग उठाई । किसान हल और खेती में काम आने वाले औजार लेकर सड़क पर उतरे। किसानों का कहना था कि हल्द्वानी व इसके आसपास विकास प्राधिकरण व रेरा की आवश्यकता नहीं है। यहां की भौगोलिक स्थिति भिन्न है। भारी प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क रहा। गौरतलब है कि जिलाधिकारी की ओर से भू संपदा नियामक प्राधिकरण (रेरा) के आधार पर कानून लागू करने की बात कही गई है। इस कानून लागू होने से नियम के अनुसार भूखंड में प्लाटिंग करनी पड़ेगी। इस कानून के विरोध में हल्द्वानी तहसील के किसान सड़क पर उतरे। बुद्ध पार्क में एकत्रित हुए किसानों ने प्रशासन पर तानाशाही का आरोप लगाया और जमकर प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि हल्द्वानी की भौगोलिक स्थिति कुछ अलग हैं, ऐसे में यहां पर रेटा एवं प्राधिकरण के लागू नहीं किया जा सकता। प्रशासन अपनी मनमानी कर रहा है। इस कानून को यहां का किसान और जमीन से जुड़ा व्यवसायी नहीं मानेगा। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे ललित जोशी, संजय किलोरा, महेश शर्मा, बहादुर सिंह जंगी, संध्या डालाकोटी ने संबोधित किया। इस दौरान काफी संख्या में किसान मौजूद थे। प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन और पुलिस ने कानून व्यवस्था के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए थे। सिटी मजिस्ट्रेट ऋचासिंह, एसडीएम परितोष वर्मा, सीओ भूपेंद्र धौनी, सीओ लालकुआं संगीता, कोतवाल हरेन्द्र चौधरी, थानाध्यक्ष मुखानी रमेश बोहरा, एसओ बनभूलपुरा नीरज भाकुनी, एसओ प्रमोद पाठक, समेत बड़ी संख्या में चौकी और थानों के पुलिस मौजूद रही।



# राजा कंस ने पूतना को भेजा श्री कृष्ण का वध करने

## गोपियों संग मोर नृत्य ने मोहा मन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म सभा एवं श्री सनातन धर्म युवा मंच द्वारा श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में आयोजित प्रभु श्री कृष्ण की लीला मंचन के द्वितीस दिवस पर वृंदावन धाम से पधारी पं. कैलाश चन्द्र शर्मा एंड पार्टी द्वारा कृष्ण लीलाओं का सुदर मंचन किया गया। गत दिवस आयोजित लीला के मुख्य अतिथि समाजसेवी विजय भूषण गर्ग एंव उनकी धर्म पत्नी सविता गर्ग ने दीप प्रज्वलन कर श्रीकृष्ण लीला का शुभारम्भ किया। मंचन के दौरान कलाकारों द्वारा राधा कृष्ण का गोपियों के संग मोर डांस की प्रस्तुति आकर्षण का केन्द्र बनी रही। राजा कंस द्वारा पूतना को श्री कृष्ण के वध के लिए भेजे जाने की लीला का भी मंचन किया गया। इस मौके पर श्री सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष महेश बब्बर, अमित अरोरा बॉबी, विजय विरमानी, मनू जग्गा, राजन राठौर, सुमित बब्बर, सचिन मुंजाल, मनोज मुंजाल, नरेश छावड़ा, दीपक अरोरा, मोहनलाल भुड्डी, हरीश अरोरा, अमन ठुकराल, शीतल यादव, किरन जग्गा, राज वर्मा, रानो छावड़ा, पिंकी ग्रोवर, शशि अरोरा, आशा गाबा, सोनिया अरोरा, कविता बजाज, मीनू बजाज, तान्या छावड़ा आदि समेत कई लीग मौजूद थे।







# प्रदेश में सेब उत्पादन को लेकर राज्यपाल से की मुलाकात

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शुक्रवार को राजभवन में अपर निदेशक उद्यान, डॉ. आर. के. सिंह ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने अपर निदेशक से औद्यानिकरण से संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारियां प्राप्त की। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड के पहाड़ी जिलों में सेब उत्पादन की बेहतर संभावनाएं हैं। विशेषकर चमोली और पिथौरागढ़ में सेब उत्पादन के लिए प्रयास किए जाने की जरूरत है। ताकि किसानों की आय बढसके। उन्होंने कहा कि विभाग सेब उत्पादन के क्षेत्र में अधिक से अधिक जागरूक कर साथ ही सेब की नई वैरायटी व नई तकनीकों से सेब उत्पादन किया जाना जरूरी है।



# वारंटियों के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी,दो महिला गिरफ्तार

गदरपुर (उद संवाददाता)। ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत पुलिस ने दो महिला वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया । पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वारंटी माया दुमका पत्नी ललित दुमका निवासी मेन मार्केट गूलरभोज थाना गदरपुर एवं भावना दुमका पत्नी जगदीश दुमका निवासी उपरोक्त के विरूद्ध न्यायालय से वारंट जारी किया गया था। जिस पर तामील करते हुए पुलिस ने उक्त दोनां अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय के सम्मुख प्रस्तुत किया। गिरफ्तार करने वालों में उप निरीक्षक राकेश कठायत, कां.लक्ष्मण कुमार, महिला कां.ज्योति कपकोटि शामिल थे । बता दें जिले में वारंटियों के खिलाफ पिछले कुछ दिनों से तेजी से अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पूरे जिले में अब तक बड़ी संख्या में वांछितों की गिरफ्तारी हो चुकी है।



# रक्तदान शिविर में उमड़े श्याम प्रेमी

## क्षेत्र के सबसे विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

गदरपुर (उद संवाददाता)। श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े ही हर्षोल्लास के साथ रक्तदान शिविर का आयोजन नगर के अनाजमंडी रामलीला भवन में किया गया।रक्तदान का शुभारम्भ विधि वत पूजा अर्चना कर बाबा श्याम की छवि के सम्मुख ज्योत प्रज्वलित कर किया गया। रक्तदान शिविर के दौरान आसपास के क्षेत्रो से भी श्याम प्रेमियों ने आकर अपनी सहभागिता निभायी।श्री श्याम मित्र मंडल के प्रधान सेवा दार विजय अनेजा ने बताया कि बाबा श्याम की असीम कृपा से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि श्री श्याम सकीर्तन महोत्सव चतुर्थ वर्ष में प्रवेश कर चुका है वही रक्तदान शिविर के यह तीसरा वर्ष है उन्होंने बताया कि श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा लगाए गए इस रक्तदान शिविर में विगत वर्ष 248 यूनिट रक्त एकत्रित हुए था जो कि सैकड़ो लोगो के लिये लाभकारी साबित हुआ इस वर्ष भी पूरी तैयारी के साथ रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है जिसमे पिछला रिकार्ड भी टूट सकता है क्यों कि करने वाले भी श्याम है और कराने वाले भी श्याम है।वही रक्त दाताओं को श्याम प्रेमी रोबिन फुटेला और योगेश छाबड़ा द्वारा समस्त रक्तदाताओं को स्मृतिचिन्ह दिया गया वही नगर के सामाजिक राजनैतिक व धार्मिक संगठनों ने बढ़चढ़कर बाबा श्याम के रक्तदान शिविर में अपनी सहभागिता निभायी। इसी क्रम में मुख्यता विनोद भुसरी,रविन्द्र बजाज,विजय सुखीजा, गुँजन सुखीजा, लवली हुड़िया, कृष्ण लाल सुधा, सतीश घीक,दीपक बेहड़, अंकित मुंजाल अजय खेड़ा, अशोक छाबड़ा,सहित आदि समाजसेवी भी शिविर में पहुँचे।श्री श्याम मित्र मंडल के सेवादार सचिन बत्रा ने जानकारी देते हुए बताया इस वर्ष रक्तदान शिविर में जवाहरलाल नेहरू जिला चिकित्सालय रुद्रपुर एवं एलडी भट्ट राजकीय चिकित्सालय काशीपुर की डॉक्टर टीम ने आकर रक्त एकत्रित किया। रुद्रपुर जिला चिकित्सालय से डॉ राम बिहारी वर्मा व एल टी जितेंद्र बीजवाल की टीम एवं एल डी भट्ट काशीपुर से डॉ अभिषेक पांडेय व एल टी कपिल चंद्रा की संयुक्त टीम ने रक्तदान शिविर में सराहनीय कार्य किया है।उन्होंने कहा बाबा श्याम की कृपा से 14 सितंबर को बाबा की भव्य निशान यात्रा सनातन धर्म मन्दिर बुध बाजार से सायं 3 बजे निकलेगी जिसका समापन सकीर्तन उत्सव स्थल अनाजमंडी में किया जाएगा। वही 16 सितम्बर को बाबा श्याम का भव्य आलौकिक दरबार नगर की विशाल अनाज मंडी में सजाया जाएगा ।बाबा श्याम के चरणों मे श्याम जगत के विख्यात भजन प्रवाहक शीतल पांडेय व अमन सांवरिया द्वारा बाबा के भजनों ने भक्तों को मन्त्रमुग्द करेंगे।उन्होंने समस्त धर्मप्रेमी जनता से बाबा के समस्त आयोजनों में पहुचने का आवाहन किया।। रक्तदान शिविर में पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने श्याम मित्र मंडल को पुनीत कार्य हेतु बधाई दी साथ ही समस्त रक्तदाताओं के स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए बाबा श्याम के चरणों मे अर्जी लगाई।उन्होंने कहा श्याम मित्र मंडल अपने आप मे हर वर्ष एक विशाल आयाम कायम करता है और उन्हें विश्वास है कि इस वर्ष भी रक्तदान शिविर में विगत वर्ष से अधिक रक्तदाता रक्तदान करेंगे।इस दौरान अशोक छाबड़ा,विजय सुखीजा, कृष्ण लाल सुधा,डॉक्टर आलोक श्रीवास्तव, डॉक्टर सोनू विश्वास, विनोद भुसरी, वेद बजाज ,रविंद्र बजाज ,अतुल पांडे, दीपक बेहड़,पंकज सेतिया,सुरेश खुराना, कपिल अरोरा,राहुल अनेजा, राकेश भड्डी बन्टी, अंकित मुंजाल, अजय खेड़ा, संजीव नागपाल, आशु बजाज, सोमनाथ छाबड़ा,सतीश घीक,कृष्ण लाल अनेजा, राजीव छाबड़ा, राजेश सक्सेना, रजत दुआ, दीपक कक्कड़, सिमरन गाबा,बन्टी भड्डी, राजकुमार, मनदीप चौधरी, दीपक डाबर, श्वेता डाबर ,वरुण कालड़ा,राजू कालड़ा,रचित सक्सेना,अमन बत्रा, संजय कुमार,अक्षित बेहड़, शुभम शुक्ला,जसपाल सिंह,रूपांशु ठुकराल,डॉ राम बिहारी वर्मा, जे एल चौधरी, जितेंद्र बिंजवाल, कमला यादव, अनिल कुमार,विशन,महेश राणा, डॉ अभिषेक पांडेय ,डॉ कीर्ति ,मीनू, कपिल चंद्रा, लवकुश,विपिन,रवि, लक्ष्मी, विपाशा,वही श्याम मित्र मंडल से विजय अनेजा, सन्टी कालड़ा,कपिल चन्द्रा, राहुल चंद्रा, सचिन बत्रा, रोहित सुदामा, गौरव बत्रा, गौरव तेजवानी,गोल्डी गाबा,केशव गुम्बर,जीतू गंगवार,लविश गाबा, मनीष फुटेला,मुनि भुसरी,नरेश पसरीचा,महक चौधरी,यशपाल गुम्बर,रोबिन फुटेला, साहिल नारंग, शोभित हुड़िया, विक्की मरवा,अंकित गगनेजा,अंकुश अनेजा,कुनाल ग्रोवर,गुड्डू भैया,निखिल मुंजाल,मोहित अग्रवाल, देव चौधरी,यश कालड़ा,रोहित कम्बोज, सचिन गाबा, रजत गाबा,विक्की भुसरी,सन्नी हुड़िया,समन मुंजाल,सार्थक सुखीजा, मुकेश चावला,सागर ठक्कर,चिराग अनेजा,दीपक खेड़ा, संजीव कुमार,यशपाल गुम्बर, सावन गुम्बर,वंश गाबा, विवेक गुप्ता सहित भारी संख्या में श्याम प्रेमी उपस्थित रहे।।









# सौतेले व्यवहार से खफा विधायक सुमित ने दिया धरना

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड विधानसभा मानसून सत्र के तृतीय दिवस में हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश हल्द्वानी के प्रमुख विषयों को लेकर विधानसभा की सीढ़ियों पर बैठ गये। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि सरकार हल्द्वानी के साथ सौतला व्यवहार कर रही है। सुमित हृदयेश ने कहा कि हल्द्वानी का आईएसबीटी, जू कहां हैं। इसके साथ साथ उन्होंने सड़क, स्वास्थ, बिजली, पानी की व्यस्था पर भी सरकार को गौर करने को कहा। उन्होंने हल्द्वानी व रामनगर तहसील में काला कानून लागू करने पर भी अपना विरोध दर्ज किया। इसके बाद विधायक सुमित हृदयेश ने सदन के अंदर अघोषित बिजली कटौती को लेकर चर्चा कर कहा कि सरकार प्रदेश को अंधकार में डालने की कोशिश कर रही है। इस अघोषित बिजली कटौती से हर वर्ग का इंसान परेशान है चाहे वो स्कूल के बच्चे जिनके बोर्ड के पेपर थे या फिर व्यापारी। इसके साथ साथ विधायक सुमित हृदयेश ने प्रदेश में बिगड़ती कघनून व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने सदन में अंकिता भंडारी हत्या कांड, पौड़ी की बेटी ममता बहुगुणा जोशी, केदार भंडारी, चमोली में पिंकी हत्याकाण्ड, सल्ट में दलित युवक जगदीश तथा अपनी विधासभा हल्द्वानी क्षेत्र में राजपुरा की 12 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास सहित अन्य प्रकरण में भी चर्चा कर सरकार को कटघरे में खड़ा किया। सुमित हृदयेश ने प्रदेश में महिलाओं के प्रति बड़ रही हिंसा को देखते हुए अंकिता भंडारी हत्याकांड प्रकरण पर सदन में पूछा कि रिसोर्ट में साक्ष्य मिटाने के लिए बुलडोजर चलाने की अनुमति किसने दी?वो वीआईपी कौन था ? लेकिन सरकार के पास इसका कोई जवाब नहीं था। सुमित हृदयेश ने कहा कि वह कई बार सत्र में नशे के खिलाफ एक स्पेशल टास्क फोर्स का गठन करने के लिए बोल चुके हैं पर आज तक धरातल पर पुलिस और सरकार द्वारा कोई टीम का गठन नहीं किया गया। जिससे प्रदेश में नशा दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है। लेकिन सरकार को प्रदेश के युवाओं जिनको नशे ने गिरफ्त में ले लिया हैं उनसे कुछ लेना देना नहीं हैं।



# श्रमिक की मौत पर ट्रक चालक पर केस

रूद्रपुर। सिडकुल स्थित एक फैंक्ट्री में कार्य के दौरान ट्रक से कुचलकर घायल हुए श्रमिक की उपचार के दौरान हुई मौत के मामले में मृतक श्रमिक की पत्नी ने आरोपी ट्रक चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया है। दर्ज रपट में साधना मण्डल पत्नी स्व. रवि मण्डल निवासी ग्राम कालीनगर ग्राम सभा विजयनगर, दिनेशपुर ने कहा है कि उसका पति रवि मण्डल ब्रिटानिया कम्पनी सिडकुल मे नौकरी करते थे । 18 अगस्त को दोपहर कम्पनी में लोडिंग का कार्य कर रहे थे तभी एक ट्रक संख्या यू.पी.22 टी 3279 के चालक ने ट्रक को पीछे करते हुये उसके पति को टक्कर मार दी । जिससे मेरे पति को सीने व पेट में गम्भीर चोटे आई । पति को उपचार के लिए निजी चिकित्सालय भोजीपुरा ले जाया गया । जहां 24 अगस्त को उसके पति की मृत्यु हो गयी । पुलिस ने ट्रक चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मासिक बैठक 15 सितम्बर को

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। अपर जिलाधि कारी चन्द्र सिंह मर्तोलिया ने बताया कि 11 सितम्बर, 2023 को पूर्वान्ह् 11:00 बजे से शान्ति एवं कानून व्यवस्था, राजस्व वसूली से सम्बन्धित कार्यों एवं राजस्व प्राप्तियों आदि की मासिक बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गयी हैं। उन्होंने बताया कि यह बैठक अब 15 सितम्बर, 2023 को पूर्वान्ह् 1बजे से जिलाधिकारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में नवीन कलैक्ट्रेट स्थित सभागार में आयोजित की जायेगी।

# पेज एक का शेष...

**भाजपा की चिंता बढ़ने.......**

के प्रत्याशी संभावित प्रत्याशी रंजीत दास को अपनी ओर मिला भी लिया था. इसके अतिरिक्त इस उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अपनी सारी ताकत झोंक दी थी. केंद्रीय मंत्री से लेकर पूर्व राज्यपाल तथा प्रदेश के तमाम मंत्री सहित राज्य के तमाम छोटे- बड़े भाजपा नेता वोट मांगने के लिए बागेश्वर की गलियों में घूमे. इतना ही नहीं मतदान के पहले राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बागेश्वर में एक विशाल रोड- शो करने के साथ- साथ बागेश्वर में कैंप भी किया. ऐसे में यह उम्मीद की जा रही थी कि बागेश्वर उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी भारी अंतर से जीत दर्ज करेगी. लेकिन उम्मीद के विपरीत जीत का अंतर निहायत मामूली ही रहा. उपचुनाव के नतीजे से यह भी साफ है कि चुनाव के पहले पाला बदलकर भाजपा का दामन थामने वाले रंजीत दास अपने साथ ,अपने वोटरों को भाजपा के साथ लाने में नाकाम रहे. इसके इतर कांग्रेस आम आदमी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी की अनुपस्थिति में उनके वोटो का अपने पक्ष में ध्रुवीकरण करने में कामयाब रही. इस ध्रुवीकरण से एक बात तो शीशे की तरह साफ है कि अगर आगामी लोकसभा चुनाव में राज्य के भीतर, अगर कहीं इंडिया गठबंधन कोई रणनीतिक आकार लेने पाया, तो निश्चित ही यह गठबंधन भाजपा को तगड़ी चुनौती देगा और खासा परेशानी में डालेगा .लिहाजा भाजपा के केंद्रीय एवं राज्य नेतृत्व को बागेश्वर जीत पर आत्म मुक्त होने की बजाय इस उपचुनाव में कम हुए जीत के अंतर को गंभीरता से लेते हुए ,भविष्य के लिए कोई कारगर रणनीति अभी से तैयार करनी चाहिए.

**स्मार्ट सिटी के मुद्दे पर........**

नहीं है कि तीन ही अनुपूरक प्रश्न पूछे जाए। इस बात पर दोनों के बीच नोकझोंक हुई। संसदीय कार्य मंत्री प्रेमचंद ने कहा, स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के लिए 1000 करोड़ स्वीकृत हैं। जिसमें 50 प्रतिशत केंद्र और 50 प्रतिशत राशि राज्य सरकार देगी। केंद्र से 394.50 करोड़ राशि मिली है। प्रदेश सरकार ने 241 करोड़ दिए हैं। 14 कार्यदायी संस्थाएं काम कर रही है। अब तक 635 करोड़ खर्च हो चुके हैं। प्रोजेक्ट के तहत 22 काम होने हैं। 16 काम पूरे हो गए हैं, इसमें स्मार्ट टॉयलेट, स्कूल, लाइब्रेरी, इलेक्ट्रिक बस, वाटर मैनेजमेंट, वाटर एटीएम, राष्ट्रीय ध्वज लगाने का काम शामिल हैं। वर्तमान में ड्रेनेज, सीवरेज, रोड, ग्रीन बिल्डिंग, स्मार्ट पोल काम चल रहे हैं। जून 2024 तक स्मार्ट सिटी का काम पूरा किया जाएगा। स्मार्ट सिटी पर धर्मपुर के विधायक विनोद चमोली ने सवाल किया कि प्रोजेक्ट की डीपीआर को समय-समय पर क्या बदलाव किए गए। मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने चमोली को चुप रहने को कहा। विपक्ष ने भी चुटकी ली कि मंत्रीजी आपने तो चमोली को चुप रहने को कहा। मंत्री ने कहा, चमोली छोटे भाई हैं।

**अब पूरी दुनिया को एक साथ मिलकर......**

अंतरराष्ट्रीय समुदाय से वैश्विक विश्वास की कमी को विश्वास और निर्भरता में बदलने का आह्वान किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अब दुनिया को एक साथ मिलकर चलने का समय आ गया है। जी20 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले अफ्रीकी यूनियन की सदस्यता का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि सदस्यता पर सभी लोगों ने अपनी सहमति जताई है। पीएम मोदी ने बताया सबका साथ की भावना के साथ ही भारत ने प्रस्ताव दिया था कि अफ्रीकी संघ को जी20 की स्थायी सदस्यता दी जाए। मेरा मानना है कि इस प्रस्ताव पर हम सभी सहमत हैं। आप सभी की सहमति से, मैं अफ्रीकी संघ के अध्यक्ष को जी20 के स्थायी सदस्य के रूप में अपना स्थान ग्रहण करने के लिए आमंत्रित करता हूं। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा, वैश्विक अर्थव्यवस्था में उथल-पुथल हो, उत्तर और दक्षिण का विभाजन हो, पूर्व और पश्चिम की दूरी हो, खाद्य पदार्थ, ईंधन और उर्वरक का मैनेजमेंट हो, आतंकवाद और साइबर सिक्योरिटी हो, स्वास्थ्य, ऊर्जा एवं जल सुरक्षा हो, वर्तमान के साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए हमें इन चुनौतियों के ठोस समाधान की तरफ बढ़ना ही होगा। पीएम मोदी ने कहा, इस समय में, सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास का मंत्र हमारे लिए मार्ग प्रदर्शक हो सकता है। आज, जी20 के अध्यक्ष के रूप में, भारत पूरी दुनिया से वैश्विक विश्वास की कमी को विश्वास में बदलने का आह्वान करता है। यह हम सभी के लिए एक साथ आगे बढ़ने का समय है। उन्होंने कहा, कोविड महामारी के बाद, दुनिया को विश्वास की कमी की एक नई चुनौती का सामना करना पड़ा और युद्धों ने इसे और गहरा कर दिया है, लेकिन हमें याद रखना चाहिए कि अगर हम कोविड जैसी महामारी को हरा सकते हैं, तो हम इस विश्वास की कमी पर भी जीत हासिल कर सकते हैं।

**फैक्ट्री से चांदी के बटन....**कच्छे के अंदर डालकर चोरी करना बताया । उसे मौके पर पूछताछ कर छोड़ दिया गया । 6 सितम्बर को कंपनी में पुनः बुलाया गया पकडकर चोरी किया चांदी का बटन सहित साथ थाने लाए हैं । पुलिस ने तहरीर के आधार पर जितेन्द्र के विरूद्ध मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

**संदिग्ध परिस्थितियों में..........**हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने शव को पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम को भेजा। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद मौत का कारण स्पष्ट होने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी। फिलहाल ससुरालियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो सकी है।

**दोस्त ने फौजी के......**कार्ड से जगह-जगह पैसे निकाले गए हैं। पीड़ित फौजी दोस्त कमलेश सिंह के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आरोपी कामेश के विरुद्ध धारा 420 के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

**सरकारी भूमि से पेड़ काटने पर....**जिसमें पता चला कि मंदिर परिसर में खड़े आम के 11 वृक्ष, जामुन के 02 वृक्ष तथा सेमल का 01 वृक्ष को अताउल रहमान पुत्र अब्दुल जब्बार निवासी वार्ड न0 19 सिरौलीकला व अन्य लोगो के द्वारा काटकर टेक्टर ट्राली में भर कर ले जाये जा रहे थे । उक्त स्थान सरकारी भूमि है ठेकेदार अताउल रहमान द्वारा सरकारी पेड़ काटकर उनकी चोरी की गयी है। पुलिस ने ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# गाबा और ढींगरा ने किया मां वैष्णो देवी झांकी का शुभारंभ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शिव शक्ति मंदिर आवास विकास में श्री शिव शक्ति सभा एवं युवा मंच द्वारा प्रदर्शित श्री माता वैष्णो देवी की झांकी का उद्घघाटन कांग्रेस जिला अध्यक्ष हिमांशु गाबा और समाजसेवी अभिमन्यु ढींगरा, डॉक्टर आंचल ढींगरा ने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना कर किया। सभी अतिथियों द्वारा झांकी का भ्रमण किया गया। जिसमे मुख्य रूप से कटरा से यात्रा का प्रारंभ कर सर्व प्रथम बाणगंगा के दर्शन किए उसके बाद यात्रा में चरण पादुका के दर्शन और उसके बाद गर्भ जून में जाकर सभी अतिथियों ने गर्भ जून की गुफा से निकल कर हाथी मत्था से होते हुए गुफा में प्रवेश कर माता का आशीर्वाद लिया। माता के चरणों में नमन किया और फिर आगे की यात्रा करते हुए भैरव जी के दर्शन कर यात्रा पूर्ण की। डॉक्टर आंचल ढींगरा ने कहा कि शिव शक्ति सभा एवं युवा मंच द्वारा जो प्रयास किया गया बहुत ही सराहनीय है क्योंकि जो लोग माता वैष्णो दरबार नहीं जा सकते उनको यही माता के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि ऐसा लग रहा है कि हम लोग माता वैष्णो देवी के द्वार ही आ गए हैं और यात्रा मार्ग और



माता का दरबार बहुत ही सुंदर तरीके से सजाया गया है।जिला अध्यक्ष हिमांशु गाबा ने कहा कि युवा मंच की मेहनत कबीले तारीफ है। उन्होंने युवा मंच की मेहनत को सराहा और कहा शहर में ऐसे धार्मिक आयोजन होते रहने चाहिए जिससे कि लोगो मैं सनातन धर्म के प्रति जागरूकता रहे और सनातन धर्म आगे बड़े। बहुत ही सुंदर कार्य किया जा रहा है जो की बहुत ही सराहनीय है । मंदिर सभा के अध्यक्ष पवन वर्मा, युवा अध्यक्ष गगन दुनेजा ने सभी अतिथियों को यात्रा करवाई। महामंत्री अभय गोयल, युवा मंच के सरपरस्त विकास भल्ला, अध्यक्ष सौरभ राज बेहड़, अमित वर्मा, राजेश कामरा, कांग्रेस नगर अध्यक्ष सी पी शर्मा, राजकुमार भुसरी, ममता रानी, सुनील आर्य, नितिन वर्मा, सत्यम अरोड़ा, संजीव छाबड़ा, करन आनंद, मानस दूनेजा, गौतम बत्रा, साहिल बत्रा, पारस अरोड़ा, हर्षित पसरिचा, सुमित वार्ष्णेय,तेजस गाबा, रवि अग्रवाल, सुमित अरोरा, चिराग भटेजा, आशीष सुखीजा, हरीश कुमार, डॉक्टर गौतम विकास वर्मा, अनंत बिश्नोई, कुणाल खुराना, संप्रीत गोलू,महंत श्री आनंद कुमार, देवेंद्र कुमार और अनिल कुमार बिल्ला मौजूद थे।








